# सतर्कता समिति की बैठक में 23 प्रकरणों पर हुई चर्चा, 8 का निस्तारण किया

**बीकानेर,**(कासं)। जिला स्तरीय जनसुनवाई और जन अभाव अभियोग निराकरण सतर्कता समिति की बैठक गुरूवार को जिला परिषद में आयोजित हुई। इस दौरान 94 परिवादियों ने अपनी समस्याएं रखी।

संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन एवं जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए परिवादी को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रकरणों के निस्तारण में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। परिवादी को एक ही प्रकरण के लिए दोबारा नहीं आना पड़े तथा दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़े। इसके लिए अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही सहन नहीं की जायेगी। प्रकरणों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। जांच से संबंधित प्रकरणों में भी समय का ध्यान रखने के निर्देश दिए तथा निस्तारण संबंधी तथ्यात्मक एवं सटीक जवाब अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगली जनसुनवाई से पूर्ण प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही गत जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों का निस्तारण अगले तीन दिनों में करते हुए सूचना उपलब्ध करवाने को कहा।

जनसुनवाई के दौरान आमजन ने राजस्व रिकॉर्ड में नाम शुद्धि, नामांतरण, सीमा ज्ञान, रास्ता खुलवाने, अतिक्रमण हटाने, पेयजल लीकेज ठीक करवाने और सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करवाने, जल भराव से जुड़ी समस्याएं रखी।



**बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने जिला परिषद सभागार में आयोजित जन सुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनी।**

इसी प्रकार बीछवाल में सार्वजनिक निर्माण विभाग की मुख्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने तथा नगर विकास न्यास और नगर निगम से जुड़े विभिन्न प्रकरण प्रस्तुत किये गए। जिला कलेक्टर ने नोखा स्थित एक श्मशान भूमि से अगले 7 दिनों में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। बरसात के कारण जलभराव की स्थिति में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।

इससे पूर्व जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभाव अभियोग निराकरण सतर्कता समिति की बैठक हुई। इसमें 23 प्रकरणों पर चर्चा की गई। इनमें से 8 प्रकरण का निस्तारण किया गया। वहीं शेष प्रकरणों में अगली बैठक से पूर्व कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए।

इस दौरान विभिन्न उपखण्ड क्षेत्रों से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अधिकारी जुड़े। जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के. ने बताया कि मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के तहत जिला स्तरीय समिति गठित की गई है।

जिला कलेक्टर इस समिति के अध्यक्ष होंगे। इस योजना के तहत ऐसे कामों को प्राथमिकता से करवाया जायेगा। जिन्हें अन्य योजनाओं में नहीं लिया जा सकता। इस योजना में ग्राम स्वच्छता, स्वास्थ्य, पेयजल, चिकित्सा स्वास्थ्य, ग्रामीण आंतरिक सड़कें, रोशनी व शिक्षा से जुड़े कार्यों के प्रस्ताव अविलम्ब भिजवाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि स्वीकृति के लिए यह प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाए जायेंगे।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) ओमप्रकाश, सहायक निदेशक (लोक सेवाएं) सवीना विश्नोई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल. मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक एल. डी. पवार, जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा, उपनिदेशक कृषि विस्तार कैलाश चौधरी, समिति सदस्य सुषमा बारूपाल, रामगोपाल और पदमाराम चौहान आदि मौजूद थे।

- **जनसुनवाई में पहुंचे 94 परिवादी, संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर ने समस्याएं सुनी**

जिला परिषद में आयोजित जिला स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम में बीकानेर सिटीजन एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस. एस. शर्मा ने गली में घूम रहे आवारा कुत्तों की नसबंदी करने, डीटीओ कार्यालय में आये दिन इंटरनेट बंद होने, फिटनेस के समय कर चुकता प्रमाण पत्र के लिए बाध्य करने जैसे मुद्दों पर परिवाद दिए।

सचिव हनुमान प्रसाद शर्मा ने आरजीएचएस पेंशनर्स राज्य कार्मिकों के लिए परिवाद देते हुए बताया कि कोठारी निजी अस्पताल आरजीएचएस योजना में अनुमोदित हॉस्पिटल है। लेकिन कोठारी हॉस्पिटल आर जी एच एस पर्ची नहीं काट कर राज्य कर्मियों एवं पेंशनर्स से 300 रुपये की पर्ची बनाने के लिए मजबूर करने की शिकायत दी।

## ग्राम पंचायतों में 29 को होगी विशेष ग्राम सभा

**बीकानेर,**(कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन श्रृंखला में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता एवं समन्वय के लिए 29 जुलाई को ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जायेगा।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के. ने इन ग्राम सभाओं के आयोजन के लिए सभी विकास अधिकारियों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि इन बैठकों में ग्राम पंचायत स्तर पर निकाली जाने वाली तिरंगा यात्राओं, आमजन को ध्वज संहिता की जानकारी देने, प्रत्येक घर पर तिरंगा झंडा लगाने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करने, ग्राम पंचायत में ध्वज क्रय-विक्रय केन्द्र की जानकारी देने सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत पर इन सभाओं का आयोजन सुनिश्चित करने तथा इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

आमजन को अभियान के प्रति जागरुक करने के लिए सोशल मीडिया पर विशेष अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए बॉलीवुड गायक राजा हसन, टीवी और सिने कलाकार दीपक पारीक, जय नीरज राजपुरोहित, अनुराग व्यास, संदीप भोजक, अमर शर्मा, डेफ ओलम्पिक कांस्य पदक विजेता वेदिका शर्मा, पेरा ओलम्पियन श्यामसुदंर स्वामी सहित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साइकिल धावकों के वीडियो संदेश प्रसारित किए जायेंगे। इनके साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म का अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए उपयोग किया जायेगा।

## सार-समाचार

### गुड टच बैड टच पर प्रशिक्षण दिया




**बीकानेर,**(कासं)। शक्ति अभियान के तहत गुड टच बैड टच और माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषयक एक दिवसीय कार्यशाला राजकीय डूंगर महाविद्यालय में आयोजित की गई। इसमें 55 महाविद्यालयों के 126 प्राध्यापकों को कॉलेज मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। इन प्रशिक्षकों द्वारा सभी कॉलेजों में दोनों विषयों से संबंधित जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के. थी। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल की पहल पर जिले भर के स्कूलों में प्रत्येक शनिवार को कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। अब कॉलेजों में भी इन गतिविधियों का आयोजन होगा। प्रत्येक मास्टर ट्रेनर दोनों विषयों की गंभीरता को समझें। उन्होंने माहवारी के दौरान स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। राजकीय डूंगर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. पी. सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया और अभियान में कॉलेजों की भूमिका के बारे में बताया। महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक मेघारतन ने कहा कि शक्ति अभियान के तहत जन्म के समय लिंगानुपात में सुधार, एनीमिया मुक्त बीकानेर, आईएम शक्ति कॉर्नर एवं वाल, शक्ति ई-मैगजीन और एक पौधा सुपोषित बेटी के नाम जैसे घटकों पर कार्य किया जा रहा है। डॉ. अनिल वर्मा ने माहवारी स्वच्छता चक्र एवं प्रबंधन के बारे में बताया तथा सावधानी नहीं रखने पर होने वाले नुकसान की जानकारी दी। कॉलेज शिक्षा के सहायक निदेशक डॉ. राकेश हर्ष ने आभार जताया।

### मुर्मू की जीत पर खुशी मनाई



**बीकानेर,**(कासं)। देश की प्रथम आदिवासी महिला को भाजपा के गठबंधन द्वारा राष्ट्रपति बनाना देश में लोकतंत्र के सच्चे अर्थों में एक नारी का बहुत बड़ा सम्मान है। इसके लिए भाजपा नित गठबंधन बधाई के पात्र है। देश कि आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाये जाने पर भाजपा पार्षदों ने आपस में मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस अवसर पर उप माहौपर राजेंद्र पवार, पार्षद किशोर आचार्य, अनूप गहलोत, मानक कुम्हार, श्याम हड़ला, बजरंग सोकल, प्रमोद सिंह, विनोद धवल, दुलीचंद शर्मा, दुर्गाशंकर व्यास, प्रतीक स्वामी, सुमित शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कोर्ट परिसर में पौधारोपण किया



**नोखा,** (निसं)। तालुका विधिक सेवा समिति नोखा के तत्वावधान में न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार काला द्वारा परिसर में गुलमोहर का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसी क्रम में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिता शर्मा एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट विकास कुमार अग्रावत द्वारा नीम आदि के पौधे लगाये गये। इस अवसर पर अधिवक्त अनोपसिंह राठौड़, मांगेराम डूडी, राजेश पंचारिया, घनश्याम बरोड़, सुनील पूनिया, रामनिवास बिश्नोई, राजाराम भादू ने पौधारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया।

### जोशी को काउंसिल मेम्बर अवार्ड

**बीकानेर,**(कासं)। रोटरी इन्टरनेशनल 3053 क्षेत्र के पीडीआरआर सुरेन्द्र जोशी को साउथ एशिया में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए बेहतरीन काउंसिल मेम्बर अवार्ड अर्पित किया गया है। रोटरी क्लब राउंड टाउन के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि साउथ एशिया के 9 देशों में कार्यरत सदस्यों के कार्य की गुणवत्ता के आधार पर रोट्रेक्ट क्लब के बेहतरीन युवाओं के कामों को जांच कर दिए जाने वाले अवार्ड में बीकानेर रोट्रेक्ट क्लब के पूर्व अध्यक्ष और पीडीआरआर सुरेन्द्र जोशी को साउथ एशिया में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पहले ऐसे व्यक्ति है जो बीकानेर से है। यह सम्मान उनको साउथ एशिया टीम में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला है। ये सम्मान पूरे साउथ एशिया में केवल 5 लोगों को मिला है। हर साल होने वाले साउथ एशिया के अवार्ड इस बार नेपाल में आयोजित किये गए थे। जिसमें साउथ एशिया के 9 देशों में कार्यरत सभी डिस्ट्रिक्ट के बेहतरीन प्रोजेक्ट को और कार्य करने वाले सदस्यों को पुरष्कृत किया गया है।

# सीवरेज कंपनी की लापरवाही जनता पर पड़ रही भारी

- **सीवरेज कंपनी ने लाइन डालने के लिए सड़कें खोद डाली**
- **इसे मिट्टी और कंक्रीट से ढक दिया लेकिन पहली ही बरसात में ये सड़कें गड्ढों में बदल गई**

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। पिछले दिनों इलाके में सीवरेज कंपनी ने सीवरेज लाइन डालने के लिए सड़कें खोद डाली। इसके बाद इसे मिट्टी और कंक्रीट से ढक दिया लेकिन पहली ही बरसात में ये सड़कें गड्ढों में बदल गई। शहर में कई जगह सड़कों पर गड्ढे पड़ गए। अब इन सड़कों पर से पानी तो सूख चुका है लेकिन अब भी इन पर पड़े गड्ढे लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं।

शहर में आलम यह है कि थोड़ी सी बरसात के बाद ही सड़कों पर गड्ढे पड़ने लगते हैं। ऐसे में लोगों की परेशानी यह है कि ये गड्ढे पानी में नजर नहीं आते और हादसों का कारण बनते हैं। हालांकि शहर के कई इलाकों में लोग जागरूक है। उन्होंने अपने स्तर पर बीच सड़क बने इन गड्ढों को इंडिकेट करते हुए बीच सड़क साइन बोर्ड लगा दिए ताकि टूटी सड़कों और गड्ढों से बड़ा हादसा नहीं हो।

इस मामले में शहर के एक पूर्व पार्षद ने इन दिनों मुहिम भी चलाई हुई है। पूर्व पार्षद रमजान अली चौपदार ने इसके लिए सीवरेज निर्माण कंपनी को जिम्मेदार ठहराते हुए इसके खिलाफ शुरूआत की है। चौपदार सड़क पर गड्ढा होने पर इसके प्रति लोगों को सतर्क करने के लिए सड़क पर बोर्ड लगाते हैं और इस पर सीवरेज कंपनी की कमियां भी बताते हैं। पूर्व पार्षद चौपदार ने बताया कि पिछले दिनों भांभू कॉलोनी में एक सड़क के लगभग धंस जाने पर उन्होंने इस संबंध में सीवरेज कंपनी के अधिकारियों को आड़े हाथ लिया था।

श्रीगंगानगर शहर में बस स्टैंड रोड, रवीन्द्र पथ, गौशाला रोड, सुखाड़िया मार्ग, सुखाड़िया नगर, भगत सिंह चौक, एन ब्लॉक, इंदिरा कॉलानी सहित शहर के कई इलाकों में इन दिनों सड़कें टूटी हुई हैं। इन सड़कों की मरम्मत के नाम पर सीवरेज कंपनी ने इनमें कंक्रीट तो भर दिया है लेकिन इससे भी मजबूती नहीं मिल पाई है। दवा कंपनी के प्रतिनिधि सत्यनारायण बताते हैं कि उनका पूरा दिन घूमने का काम है। बारिश से गड्ढे पड़ने से सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है।

## कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन आज

**बीकानेर,**(कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ 22 जुलाई को सुबह 11 बजे विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया है।

कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के खिलाफ राजनैतिक द्वेषता पूर्ण कार्यवाही करते हुए जो जबरन ईडी जांच की जा रही है। उसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम कोटगेट पर रखा गया है। जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में होने वाले इस विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नेतागण, लोकसभा, विधानसभा प्रत्याशी, कांग्रेसी पार्षद गण, पार्षद प्रत्याशी, प्रदेश कांग्रेस, जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस एनएसयूआई पदाधिकारी शामिल होंगे।

# सड़क पर खान का एक हिस्सा भरभरा कर गिरा

- **जो हिस्सा गिरा है, वो करीब बीस फीट चौड़ा है, अगर उस वक्त कोई सड़क पर होता तो हादसा हो सकता था**
- **इस मार्ग के एक तरफ करीब सौ फीट गहरी खाई है**

**बीकानेर,**(कासं)। यहां खान का एक हिस्सा सड़क पर आ गिरा। गनीमत रही कि सड़क पर उस समय कोई नहीं था और पत्थर जैसे टुकड़े सड़क पर बिखर गए।

दरअसल आचार्य बगीची और जैन पब्लिक स्कूल के बीच बने इस नए मार्ग पर बजरी के अवैध खनन से नया रास्ता बन गया था। अब इसी खानों का हिस्सा बार- बार सड़क पर गिर रहा है, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। बुधवार रात और गुरूवार सुबह के बीच खान का एक हिस्सा भरभरा कर नीचे गिर गया। खान के बड़े भारी पत्थर सड़क पर आ गिरे। प्रशासन ने खान से बने पहाड़ पर कटाव रोकने के लिए आरसीसी की दीवार बना रखी है लेकिन उससे ऊपर का हिस्सा अब नीचे गिर रहा है। जो हिस्सा गिरा है, वो करीब बीस फीट चौड़ा है। अगर उस वक्त कोई सड़क पर होता तो हादसा हो सकता था। अवैध खनन के कारण इस मार्ग के एक तरफ करीब सौ फीट गहरी खाई है। सड़क पर चलने वाले वाहन चालक थोड़ी भी गलती करें तो खाई में गिरने का संकट बना रहता है। हालांकि अब तक यहां ऐसा कोई हादसा नहीं हुआ। इसी मार्ग पर जैन पब्लिक स्कूल के बच्चे इसी मार्ग से होकर घर की तरफ जाते हैं।

# घोड़ी ढूंढने वाले को मिलेंगे 5100 रुपये

**सूरतगढ़,**(निसं)। सूरतगढ़ उपखंड के जैतसर कस्बे में घोड़ी व उसका बच्चे की गुमशुदगी का मामला सामने आया।

चोरी के बाद मालिक सोनू परेशान है। अपने स्तर पर सब ढूंढने के बाद अब पुलिस का सहारा लिया है। रिपोर्ट देकर घोड़ी ढूंढने की मांग की है। सोनू ने बताया कि पिछले पांच से अश्व पालन का काम कर रहा है। राजस्थान के विभिन्न हिस्सों से लाकर पालते हैं। शादियों में इनसे कमाई कर परिवार पालते हैं। ऐसे में परिवार के पालन पोषण का संकट खड़ा हो गया है। जैतसर थानाधिकारी विक्रम चौहान ने बताया कि पुलिस थाना में एक युवक ने अपनी पालतू घोड़ी व उसके बच्चे के खो जाने की रिपोर्ट दी है। गुमशुदगी दर्ज कर बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। 16 जुलाई से सोनू के घर से गायब है। जैतसर के वार्ड नंबर 13 निवासी सोनू पुत्र कृष्ण लाल ने बताया कि 16 जुलाई को उसकी घोड़ी खूंटे से खुलकर कहीं चली गई।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री गोरधन पुत्र श्री घनश्याम जाति बाल्मिकी, उम्र 40 वर्ष निवासी चुंगी चौकी, माताजी मंदिर के पास, वाल्मिकी बस्ती, वार्ड नं.21, बंगला नगर, बीकानेर राजस्थान (आधार नम्बर 836426479302) की पुत्री मोनिका मेरे मुवक्किल के कहने में नहीं हैं, तथा मेरे मुव्वकिल के साथ आये दिन लड़ाई झगड़ा करती है, एवम् मेरे मुव्वकिल के पारिवारिक निर्देशानुसार कार्य नहीं करती हैं, मेरे मुवक्किल की पुत्री मोनिका अपनी मर्जी के अनुसार सामाजिक कार्यकलाप करती आ रही है, मेरे मुव्वकिल की पुत्री मोनिका दिनांक 11.07.2020 को मेरे मुव्वकिल का घर छोड़कर मेरे मुव्वकिल की बिना सहमति से प्रताप वाल्मिकी पुत्र श्री दिनेश के साथ चली गई है तथा मेरे मुव्वकिल की पुत्री मोनिका उक्त प्रताप वाल्मिकी के साथ रह रही है। मेरे मुव्वकिलकी पुत्री मोनिका मेरे मुव्वकिल से अलग रहती है, इसलिये मेरे मुवक्किल ने अपनी पुत्री मोनिका को अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों व आर्थिक कार्यकलापों एवम् तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल एवं निष्कासित कर दिया है, आज के पश्चात मेरे मुवक्किल की पुत्री मोनिका से कोई भी किसी तरह का व्यवहार अथवा लेन-देन करेगा तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी, मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मेरे मुव्वकिल की चल अचल सम्पत्तियों में मेरे मुव्वकिल की पुत्री मोनिका का किसी भी प्रकार का हक हिस्सा नहीं है। यू सूचना मेरे मुवक्किल की हस्ब हिदायत से मेरे द्वारा जारी की गई है।

दिनांक 21.7.2022 — विजय प्रकाश गोयतान, एडवोकेट बीकानेर

## कंवरसेन लिफ्ट नहर में शव मिला

**सूरतगढ़,**(निसं)। क्षेत्र के राजियासर थाना क्षेत्र में नहर में एक वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार राजियासर थाना क्षेत्र के गांव राजियासर के पास से गुजरने वाली कंवरसेन लिफ्ट नहर में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला। आसपास के ग्रामीणों ने शव की सूचना राजियासर पुलिस को दी। राजियासर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नहर से शव को निकला और राजियासर के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

पुलिस ने बताया कि बुजुर्ग के शरीर पर किसी प्रकार का वस्त्र नहीं है। बुजुर्ग की उम्र करीब 50 से 55 वर्ष के बीच है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के थानों में इसकी सूचना देकर पहचान की जा रही है।

# पांच करोड़ की ठगी के आरोप में दो भाई गिरफ्तार

- **कंपनी का डायरेक्टर बनाने का लालच देकर करवाया था इन्वेस्टमेंट**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। करीब पांच करोड़ रुपये की ठगी के सात साल पुराने मामले में सदर पुलिस ने सालासर के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

दोनों आरोपियों और उनके पिता ने सात साल पहले पदमपुर के एक व्यापारी को झांसे में लिया और उसे अपनी कंपनी में डायरेक्टर बनाने के नाम पर उससे कंपनी में करीब चार से पांच करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट करवा लिया। आरोपियों ने पीड़ित को एक अप्रेल 2015 से कंपनी में डायरेक्टर बनाने का विश्वास दिलाया लेकिन बाद में न तो कंपनी का डायरेक्टर बनाया और न ही उसके दिए रुपये ही लौटाए। सदर पुलिस को आरोपियों को चूरू इलाके में कहीं होने की जानकारी मिलने पर बुधवार को उन्हें वहां से गिरफ्तार कर लाया गया।

आरोपी मदनलाल सिंघल और उसके दो बेटों भंवर सिंघल और अनिल सिंघल ने 2016 में पदमपुर के व्यापारी गिरधारीलाल जैन पुत्र रिझपाल जैन से संपर्क किया और बताया कि उसकी ग्वार की दो कंपनियां हैं। इन कंपनियों में मदनलाल सिंघल डायरेक्टर है।

आरोपियों ने कहा कि मदनलाल कंपनी के डायरेक्टर का पद छोड़ देंगे और उनकी जगह कंपनी में डायरेक्टर के पद पर गिरधारीलाल जैन को नियुक्त कर दिया जायेगा। इसके लिए जैन को कंपनी में इन्वेस्टमेंट करना होगा। व्यापारी गिरधारीलाल उनकी बातों में आ गया और 31 मार्च 2015 तक मदनलाल की कंपनी में करीब चार से पांच करोड़ रुपए इन्वेस्ट कर दिए। बाद में पीड़ित गिरधारीलाल आरोपियों से उसे डायरेक्टर बनाने के लिए कहता रहा लेकिन आरोपी नहीं माने। उन्होंने न तो उसके रुपए लौटाए और न ही उसे कंपनी में डायरेक्टर बनाया।

## भारी बारिश की संभावना

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान में आगामी 24 घंटे बीकानेर संभाग के जिलों में अधिकांश स्थानों पर बारिश होगी। जबकि 22 से 25 जुलाई के दौरान बीकानेर व जोधपुर संभाग के जिलों में अधिकांश स्थानों हल्के से मध्यम तथा कहीं-कहीं भारी बारिश व एक दो स्थानों पर अति भारी बारिश होने की प्रबल संभावना व्यक्त की है।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100421 — **लोक सूचना** — दिनांक : 21.7.2022

श्री किशन कुमार पुत्र श्री महावीर प्रसाद एवं श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री किशन कुमार निवासी 2-ए-08 जवाहर नगर, गगनपथ, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 4 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्री किशन कुमार पुत्र श्री महावीर प्रसाद एवं श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री किशन कुमार | चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 24 के किला नं. 16/1 में 0.068 है. किला नं. 16/3 में 0.069 है. किला नं. 17/1 में 0.126 है. किला नं. 17/2 में 0.127 है. किला नं. 18/1 में 0.127 है. किला नं. 18/2 में 0.126 है. किला नं. 19/1 में 0.126 है. में से 0.023 है. किला नं. 19/2 में 0.127 है. में से 0.086 है. किला नं. 20/2 में 0.059 है. में से 0.057 है. किला नं. 22/1 में 0.088 है. में से 0.016 है. किला नं. 23/1 में 0.089 है. किला नं. 24/1 में 0.088 है. किला नं. 25/1 में 0.048 है. यथाकुल 1.050 हैक्टेयर | कुल 1.050 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 21.7.2022 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# कारगिल विजय दिवस पर समस्त स्कूलों में करेंगे शहीदों को नमन

**बीकानेर,**(कासं)। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 26 जुलाई को जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में बीकानेर जिले के 22 शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। कार्यक्रम से जुड़े पोस्टर का विमोचन गुरूवार को संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन और जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने किया।

इस अवसर पर संभागीय आयुक्त ने कहा कि आजादी के बाद अब तक सीमाओं की रक्षा करते हुए बीकानेर के 22 सपूतों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। बीकानेर के ऐसे सपूतों की शहादत को नमन करना हमारा नैतिक दायित्व है। बच्चे इनकी वीर गाथा से रूबरू हो सकें, इसके मद्देनजर यह पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस दिन जिले के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में प्रातः 11 बजे कार्यक्रम होंगे। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को पोस्टर तैयार करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से समन्वय करते हुए प्रत्येक स्कूल में यह भिजवाने के निर्देश दिए।



**बीकानेर संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन ने शहीदों को नमन कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया।**

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि इस दौरान 26 जुलाई को होने वाले कार्यक्रमों के दौरान हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी दी जायेगी। इस दौरान झंडा संहिता के बारे में बताने के साथ इस अभियान में प्रत्येक विद्यार्थी की भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जायेंगे। इस अवसर पर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के., सहायक निदेशक (लोक सेवाएं) सवीना बिश्नोई, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. राजकुमार शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी (प्राशि.) अनिल अग्रवाल, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माशि) सुनील बोड़ा मौजूद रहे।

- **संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम से जुड़े पोस्टर का विमोचन किया**

## आप का धरना-प्रदर्शन आज

**गजसिंहपुर,** (निसं)। गजसिंहपुर नगर पालिका में शुक्रवार को आप पार्टी द्वारा धरना व प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा।

आप पार्टी के गुरजीत सिंह हुंदल ने कस्बे की सभी व्यावसायिक संस्थाओं से सहयोग की मांग करते हुए नगर पालिका में धरना प्रदर्शन को समर्थन देने की मांग की है। गुरजीत सिंह हुंदल के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष चमकौर सिंह व अधिशाषी अधिकारी अरविन्द खन्ना कस्बे में बारिश से हुई आपदा के प्रति गंभीर नहीं है। कस्बे में जब भारी बारिश हो रही थी व लोगों के मकान गिर रहे थे तब नगर पालिका कोई राहत कार्य नहीं कर रही थी। अधिशाषी अधिकारी अरविंद खन्ना इस खतरे के समय अपना मुख्यालय छोड़कर गायब थे।

कस्बे के भारी संख्या से मकान गिर जाने से सैकड़ों लोग बेघर हो गये व नगर पालिका को ज्ञापन देकर इनके लिए राहत व मुआवजा की मांग की गई परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# इससे ज्यादा प्रतिकूल परिस्थिति क्या होगी जब कांग्रेस सरकार प्रतिशोध पर तुली हो : डॉ. पूनिया

## गहलोत सरकार के दबाव में काम कर रहे अधिकारी भाजपा जनप्रतिनिधियों को काम नहीं करने दे रहे, लेकिन चुनावी वर्ष 2023 के शुरू होते ही उनके तेवर बदल जाएंगे : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशभर के पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला का आयोजन हुआ, इसमें जिला प्रमुख और प्रधान इत्यादि जनप्रतिनिधि को संबोधित किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने जिला प्रमुखों और प्रधानों को संबोधित किया। डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता गांवों के विकास की है, वंचितों के उत्थान की है और गरीबों के कल्याण की है, उसी के परिणामस्वरूप प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस से अधिक जिला परिषद में भाजपा की प्रचंड विजय हुई।




**भाजपा के प्रदेशभर के जिला प्रमुख और प्रधानों की कार्यशाला को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, प्रदेश प्रभारी चंद्रशेखर, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया व उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने गुरूवार को संबोधित किया।**

उन्होंने कहा कि, पावर लोगों की सेवा के लिए है, लोक कल्याण के लिए है और नरेंद्र मोदी सरकार ने यह साबित करके दिखाया है। जब से पंचायतीराज बना राजस्थान में एक पराम्परा थी कि जिसकी सरकार होती है पंचातीराज पर एकतरफा दो तिहाई दबदबा उन्हीं का होता है, लेकिन राजस्थान में पंचायतीराज बनने के बाद में भाजपा के आप सभी पंचायतीराज के जनप्रतिनिधियों की पूरी टीम पर गर्व कर सकता हूं कि भाजपा के 18 जिला प्रमुख हैं, जो कांग्रेस से अधिक हैं। पंचायतीराज चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ताओं के परिश्रम को अभिनंदन करता हूं, इससे ज्यादा प्रतिकूल परिस्थितियां क्या होगी जब कांग्रेस सरकार प्रतिशोध पर तुली हो, परिसीमन के नाम पर कैसे वो पंचायत समिति के वार्ड जीते, कैसे जिला परिषद के वार्ड जीते, ये आप सब लोग मेरे से ज्यादा जानते हो।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लोकतंत्र और सहकारी संघवाद की बात करते हैं वो दिल्ली तो बाद में जाएं, पहले राजस्थान के पंचाायतीराज का सम्मान करना तो सीखें निरपेक्ष तरीके से, क्योंकि सरकारें आती हैं और चली जाती हैं। राज्य की कांग्रेस सरकार भाजपा के जनप्रतिनिधियों के साथ भेदभाव करती हैं, वहीं केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार सभी 36 कौम के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।

प्रदेश प्रभारी चंद्रशेखर ने संगठनात्मक योगदान एवं सुशासन विषय पर बोलते हुए कहा कि 2023 के चुनाव की दृष्टि से पंचायती राज जनप्रतिनिधियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है, बूथ सशक्तिकरण को मजबूत करते हुए पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी भी जनप्रतिनिधियों को लेनी चाहिए। राजनीतिक चुनौतियां व जन आंदोलन विषय पर तीसरा सत्र संबोधित करते हुए राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान के नागौर जिले से पंचायतीराज की शुरुआत हुई, देश की सर्वाधिक लोगों की आजीविका कृषि है, जो पंचायती राज से जुड़ी हुई है, कांग्रेस सरकार ने इस पंचायतीराज की व्यवस्था को खंडित किया और सवा साल तक राजस्थान में चुनाव हुए, लेकिन जनता ने अभी पंचायतीराज चुनाव में कांग्रेस को आईना दिखाया, भाजपा को बड़ी जीत दिलाई। गहलोत सरकार के दबाव में काम कर रहे अधिकारी भाजपा जनप्रतिनिधियों को काम नहीं करने दे रहे, लेकिन चुनावी वर्ष 2023 के शुरू होते ही उनके तेवर बदल जाएंगे।

गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि जनप्रतिनिधि क्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों के बारे में हमें लिखित में देते रहें, ताकि आगामी विधानसभा सत्रों में इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा सके।

इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश मंत्री श्रवण बगड़ी, पंचायतीराज प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक काशीराम गोदारा, पंचायतीराज प्रकोष्ठ सह-संयोजक राजेन्द्र मीणा, पंचायतीराज प्रकोष्ठ सह-संयोजक गोरधन सिंह, पंचायतीराज प्रकोष्ठ सह-संयोजक भूपेन्द्र सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।कक

# संत विजयदास को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दिल्ली भेजा



**जयपुर**,(कासं)। भरतपुर जिले के डीग क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ आत्मदाह का प्रयास करने पर गंभीर रुप से झुलसे संत विजयदास महाराज को गुरूवार को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल से ग्रीन कॉरिडर बनाकर सड़क मार्ग से नई दिल्ली भेज दिया गया।

संत विजयदास ने बुधवार को आंदोलन के दौरान खुद को आग लगा ली, जिससे वह करीब अस्सी प्रतिशत तक झुलस गये थे। इसके बाद उन्हें गंभीर हालत में जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से गुरूवार को उन्हें ग्रीन कॉरिडर बनाकर सड़क मार्ग से इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया। राज्य सरकार ने उनके साथ चिकित्सकों की विशेष टीम भेजी है।

- **डीग क्षेत्र में अवैध खनन के विरोध में आत्मदाह का प्रयास में गंभीर रुप से झुलस गए थे**
- **राज्य सरकार ने उनके साथ चिकित्सकों की विशेष टीम भेजी है।**

डीग क्षेत्र में आदिबद्री और कनकांचल पहाड़ पर खनन के विरोध में साधु संतों का पिछले 551 दिनों से धरना-प्रदर्शन चल रहा था। बुधवार को इस घटना के बाद प्रशासन एवं आंदोलन कर रहे लोगों के बीच समझौता वार्ता हो जाने पर धरना समाप्त हो गया।

# प्रदेश में करोना के एक्टिव केस डेढ़ हजार के ऊपर पहुंचे

## राज्य में गुरूवार को थोड़ी वृद्धि के बाद 23 जिलों में ढाई सौ नए संक्रमित मिले हैं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश गुरूवार को थोड़ी और वृद्धि के बाद ढाई सौ नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच भरतपुर में एक मरीज की मौत हो गई है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में फिर रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर डेढ़ हजार के ऊपर पहुंच गए हैं।

प्रदेश में गुरूवार को 23 जिलों में 250 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले बुधवार को 246 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 67 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 61, बीकानेर में 23, भीलवाड़ा में 12, उदयपुर 11, डूंगरपुर में 10, राजसमंद में 9, अलवर में 8, अजमेर में 7, बाड़मेर व जैसलमेर में 6-6, नागौर में 5, चित्तौड़गढ़ व प्रतापगढ़ में 4-4, सीकर, दौसा व कोटा में 3-3, झालावाड़ व बांसवाड़ा में 2-2 तथा भरतपुर, चूरू, जालौर और सिरोही में एक-एक संक्रमित मिला है। वहीं 10 जिलों बारां, बूंदी, धौलपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, करौली, पाली, सवाई माधोपुर और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

- **सबसे ज्यादा 67 नए मरीज जयपुर में जबकि 61 संक्रमित जोधपुर में पाए गए हैं।**
- **प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से एक मरीज की मौत हो गई है।**

प्रदेश में गुरूवार को केवल 112 ही संक्रमित ठीक हुए हैं। राज्य में रिकवरी में कमी होने से एक्टिव केस बढ़कर 1575 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 437 मामले जयपुर जिले में है। वहीं जोधपुर में 323 और बीकानेर में 144 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में भरतपुर में 1 संक्रमित की मौत हो गई है। इसके साथ ही यहां अब तक 274 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9577 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

जयपुर जिले में गुरूवार को 28 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 10 नए संक्रमित सांगानेर में पाए गए हैं। इसके अलावा झोटवाड़ा व वैशाली नगर में 5-5, अजमेर रोड, बनीपार्क, मानसरोवर व सोडाला में 4-4, सिविल लाइंस व सी-स्कीम में 3-3, जगतपुरा, मालवीय नगर, रामगंज व तिलक नगर में 2-2 तथा आदर्श नगर, बरकत नगर, चौमूं, दुर्गापुरा, गांधी नगर, गोपालपुरा, खातीपुरा, महेश नगर, मुरलीपुरा, सांभर लेक, सेठी कॉलॉनी, शांति नगर, शास्त्री नगर और विद्याधर नगर में एक-एक संक्रमित मिला है। वहीं 3 संक्रमितों का पता गलत मिला है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में कोई भी मरीज ठीक नहीं हुआ है।

# '747 वेबसाइटों और 94 यूट्यूब चैनलों पर रोक लगाई गई'

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी

**जयपुर**, (का.सं.)। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज कहा कि 2021-22 में मंत्रालय ने देशहित के खिलाफ काम करने वाले यूट्यूब चैनलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। राज्य सभा में एक प्रश्न के उत्तर में ठाकुर ने कहा कि मंत्रालय ने 94 यूट्यूब चैनलों, 19 सोशल मीडिया अकाउंट और 747 यूआरएल के खिलाफ कार्रवाई की है और उन्हें रोक दिया गया है। यह कार्रवाई सूचना प्रौद्योगिक अधिनियम 2000 की धारा 69 ए के तहत की गई है।

- **'देशहित के खिलाफ काम करने वाले चैनलों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की है**

मंत्री ने आगे कहा कि सरकार ने फर्जी खबरें फैलाकर और इंटरनेट पर दुष्प्रचार करके देश की संप्रभुता के खिलाफ काम करने वाली एजेंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है।

# विश्व हिन्दू परिषद ने संत के आत्मदाह को बताया हिन्दू विरोधी

**जयपुर।** डीग, भरतपुर के ग्राम पासोपा में राजस्थान राज्य सरकार द्वारा संतों की सही मांगों को न मनाने के कारण हिन्दू संत विजय बाबा ने पेट्रोल डाल कर आत्मदाह कर अपने प्राण त्यागने का प्रयास किया है ये वर्तमान राजस्थान सरकार के लिए घोर शर्म की बात है। ओर इस दुखद घटना के बाद जिस प्रकार सम्भागीय आयुक्त द्वारा आनन फानन मे उस खनन क्षेत्र को वन क्षेत्र घोषित करने की कार्यवाही करने का आदेश निकाल गया वो भी निंदनीय है, क्योंकि उसमे कार्यवाही करने कि बात कही गई है न की कोई ठोस निर्णय लिया गया है ओर अंतिम गद्य में लिखा है कि काफी हद तक पूरा कर लेंगे। ये सरकारी 'काफी हद' तक कितना होता है सब जानते हैं। आदिबद्री व कनाकांचल पर्वत को खनन मुक्त कराने कि मांग को लेकर हिन्दू संतों द्वारा कई महीनों से चल रहे धरणा प्रदर्शन पर सरकार ने कुंभकरण की नींद धारण कर रखी थी। 10 दिन पूर्व जब बाबा हरिबोलदास जी ने मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह की चेतावनी दी तब भी राज्य सरकार ने कुछ नहीं किया अपितु इस घटना को होने दिया। इसलिए ये घटना आत्मदाह नहीं है बल्कि राज्य सरकार द्वारा जघन्य हत्या का प्रयास ही है। ये घटना उदयपुर में कन्हैया कुमार कि जघन्य हत्या जो राज्य सरकार के ही कारण हुई जैसी ही है। उस समय भी सरकार ने समय रहते कुछ नहीं कर घटना को होने दिया था। विश्व हिन्दू परिषद ने इस घटना पर तीव्र संज्ञान लिया है ओर वर्तमान राज्यसरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि हिन्दू समाज को प्रताड़ित करने का विगत महीनों से जो गंदा कार्य ये हिन्दू विरोधी सरकार कर रही है उसके गंभीर परिणाम इसे भोगने पड़ेंगे अब हिन्दू समाज जाग ओर समझ गया है।

- **'ये घटना आत्मदाह नहीं है बल्कि राज्य सरकार द्वारा जघन्य हत्या का प्रयास ही है'**

# 'पांचना बांध से पूर्व की तरह सिंचाई के लिए पानी की सप्लाई शुरू की जाए'

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने करौली के पांचना बांध से किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं देने के मामले में कहा है कि पूर्व की व्यवस्था के अनुसार पानी की सप्लाई शुरू की जाए। वहीं अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि इस संबंध में किसी ने कानून-व्यवस्था को अपने हाथ में लेने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं अदालत ने करौली और सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर को कहा है कि वे पानी की सप्लाई का विरोध करने वाली पंचायतों में नोटिस के जरिए अदालती आदेश की जानकारी दें। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश ग्रामोत्थान संस्थान की जनहित याचिका पर दिए। अदालत ने कहा है कि यदि किसी को पानी सप्लाई के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह संबंधित जिला कलेक्टर को अपनी आपत्ति दर्ज कराए और कलेक्टर 17 अगस्त तक इन आपत्तियों को अदालत में रखे।

- **हाईकोर्ट ने जनहित याचिका की सुनवाई में यह आदेश दिये**

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद व अधिवक्ता दीपक शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अपने कर्तव्यों का पालन नहीं किया जा रहा और पिछले 14 साल से स्थानीय निवासियों को सिंचाई के लिए पांचना बांध, करौली से पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है। जबकि पूर्व में बांध से नियमित तौर पर पानी की सप्लाई जारी थी। लेकिन एक संघर्ष समिति के आंदोलन के कारण बांध से पानी की सप्लाई को बंद कर दिया गया। राज्य सरकार कानून-व्यवस्था के नाम पर पानी की सप्लाई रोक रही है। पीआईएल में कहा कि जिस उद्देश्य से बांध का निर्माण किया था वह पूरा ही नहीं हो रहा और 46 गांव के करीब सवा लाख लोगों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे सरकारी राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। इसलिए बांध से पूर्व की तरह पानी की सप्लाई शुरू की जाए।

# बारिश से मानसरोवर में वी.टी.रोड चौराहे पर 10 फीट सड़क धंसी

**जयपुर** (कासं)। मानसून की हल्की सी बारिश ने गुरूवार शाम को मानसरोवर की सड़कों की पोल खोलकर रख दी है। न्यू सांगानेर रोड स्थित वी.टी. रोड चौराहे पर तेज धमाके के साथ सड़क धंस गई। इससे सड़क में करीब 10 फीट गहरा और करीब 10 फीट चौड़ा गड्ढ़ा हो गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, अन्यथा जनहानि हो सकती थी।

उधर सड़क धंसने की सूचना पाकर वार्ड 75 की पार्षद भारती मुकेश लख्यानी मौके पर पहुंची और जेडीए व नगर निगम प्रशासन से संपर्क कर गड्ढ़े के चारों तरफ मिट्टी के कट्टे और बैरिकेट्स लगवाकर रास्ता बंद कराया। पूर्व पार्षद मुकेश लख्यानी ने बताया कि वी.टी.रोड पर पिछले दिनों भी बारिश के दौरान सड़क धंसने से बड़ा गड्ढ़ा हुआ था। पिछली बार टेलीकॉम कंपनियों द्वारा डाली गई भूमिगत केबल्स के कारण सीवरेज लाइन जर्जर हुई थी। इस बार जहां सड़क धंसी है, वहां से बीसलपुर की पेयजल पाइपलाइन गुजर रही है, इसके बगल से भी केबल्स गुजर रही है।

## द्रौपदी मुर्मू को बधाई दी

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने गुरुवार को नव निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को देश की 15वीं राष्ट्रपति चुने जाने पर फोन करके व्यक्तिगत बधाई और शुभकामनाएं दी।

# 'एक पद पर दो एएनएम, पुरानी एएनएम काम करती रहेगी'

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने एएनएम के पद पर काम कर रही कर्मचारी का तबादला किए बगैर दूसरी कर्मचारी को इस पद पर लगाने के मामले में प्रमुख चिकित्सा सचिव और स्वास्थ्य निदेशक से जवाब मांगा है। अदालत ने पहले से तैनात एएनएम को काम करते रहने को कहा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश ओमना मैथ्यू की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता मोहित बलवदा और अधिवक्ता भावना चौधरी ने बताया कि याचिकाकर्ता पिछले लंबे समय से सब-सेंटर केशवाना राजपूत, जयपुर में एएनएम पद पर काम कर रही है। वहीं वह अगले साल तीस जून को सेवानिवृत्त होने वाली है। याचिका में कहा गया कि गत छह जुलाई को स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी कर एक अन्य एएनएम कविता को याचिकाकर्ता के स्थान पर स्थानांतरित कर दिया, लेकिन याचिकाकर्ता का दूसरी जगह तबादला नहीं किया।

- **हाईकोर्ट ने एक कर्मचारी का तबादला किये बिना दूसरी को लगाने पर जवाब मांगा**

जिसके चलते एक पद पर दो एएनएम हो गई हैं। याचिका में यह भी कहा गया कि तबादला आदेश में याचिकाकर्ता का सरनेम भी गलत लिखा है। जिससे साबित होता है कि विभाग ने बिना दिमाग लगाए जल्दबाजी में तबादला आदेश जारी किया है। ऐसे में तबादला आदेश को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगते हुए याचिकाकर्ता को वर्तमान पद पर काम करते रहने को कहा है।

# 'सरकारी जमीन मौजूद है तो उप तहसील के लिए अवाप्ति क्यों?'

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, प्रमुख राजस्व सचिव, जयपुर कलेक्टर और फागी एसडीओ सहित स्थानीय तहसीलदार को नोटिस जारी कर पूछा है कि जब सरकारी जमीन मौजूद है तो उप तहसील के लिए भूमि अवाप्ति क्यों की गई है। सीजे एसएस शिंदे और जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश भेरूलाल चौधरी व अन्य की जनहित याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता हनुमान प्रसाद चौधरी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार फागी में उप तहसील, निमेडा बना रही है। जिसमें फागी के कुछ गांवों को शामिल किया गया है। इन गांवों की दूरी उप तहसील से काफी दूर है। इसके अलावा निमेडा में करीब नौ बीघा सरकारी भूमि उपलब्ध है और यह राजकीय भवन के लिए आरक्षित भी है। इसके बावजूद उप तहसील का भवन यहां बनाने के बजाए टोंक सीमा पर निजी भूमि को अवाप्त कर बनाया जा रहा है।

# मत्स्यपालकों व पशुपालकों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण वितरण किया जाए : श्रेया गुहा

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता श्रेया गुहा ने कहा कि किसानों के साथ-साथ मत्स्यपालकों एवं पशुपालकों को भी शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराए ताकि इनकी जरूरतें पूरी हो सके।

- **'राजीविका से जुड़े स्वयं सहायता समूहों को 25 करोड़ का ऋण वितरण होगा'**
- **'इस वर्ष 5 लाख नए सदस्य किसानों को फसली ऋण का वितरण होगा'**



**सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रेया गुहा ने गुरूवार को अपेक्स बैंक में सभी केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों की बैठक को संबोधित किया।**

उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक नए सदस्य किसानों को फसली ऋण से जोड़ा जाए और इस वर्ष 5 लाख नए सदस्य किसानों को शून्य प्रतिशत पर फसली ऋण का लाभ दिलाया जाए।

गुहा गुरूवार को अपेक्स बैंक में सभी केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि सभी बैंक यह सुनिश्चित करे कि राजीविका से जुड़े स्वयं सहायता समूहों को आवश्यकता अनुसार ऋण उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 25 करोड़ का ऋण इन समूहों को वितरित किया जाना है। इसके लिए बैंक योजनाबद्ध तरीके से इन समूहों को ऋण सुविधा से जोडे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशों के क्रम में प्रत्येक ग्राम पंचायत पर ग्राम सेवा सहकारी समिति के गठन किया जाना है। अत: ग्राम सेवा सहकारी समितियों अपनी आय के लिए केवल फसली ऋण वितरण तक ही सीमित नही रहे।

उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों को व्यवसाय के विविधिकरण के लिए प्रेरित करे ताकि स्वयं की आवश्यकता के साथ-साथ आस-पास के लोगों की जरूरतों को भी पूरा कर सके। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि बैंकों में 500 से अधिक कार्मिकों की भर्ती के लिए शीघ्र ही विज्ञप्ति जारी की जाएगी ताकि बैंकों में कार्मिकों की कमी को पूरा किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्मिशयल बैंकों की तरह ही सहकारी बैंक अपने आप को अपडेट करे।

उन्होंने निर्देश दिए कि नाबार्ड एवं आरबीआई के नियमों की पालना करे। गुहा ने कहा कि एसएलबीसी के पोर्टल पर एसएचजी ऋण वितरण को अपडेट करे साथ ही त्रैमासिक विवरणिया भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि पैक्स कम्प्यूटराईजेशन के लिए ऑडिट आवश्यक है, अत: जुलाई माह तक समस्त पैक्स की ऑडिट सुनिश्चित करे ताकि पैक्स कम्प्यूटराईजेशन के प्रोजेक्ट में इन्हें शामिल किया जा सके।

बैठक में अतिरिक्त रजिस्ट्रार प्रथम राजीव लोचन शर्मा, अतिरिक्त रजिस्ट्रार बैंकिंग ओम प्रकाश पारीक तथा सभी केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशक तथा अपेक्स बैंक के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बहू पर अपने पति का गला घोंटकर मारने का आरोप

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर इलाके में एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी। दिन में झगड़े के बाद रात को गला घोंटकर मार दिया। पति के सुसाइड करने की बताकर बेटे को लेकर अपने पीहर चली गई। सांगानेर थाने में मृतक की मां ने हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि तिरुपति बालाजी नगर सेक्टर-40 सांगानेर निवासी रुपा देवी (62) ने इस्तगासा के जरिए मामला दर्ज कराया है। मंगोलपुरी नई दिल्ली की रहने वाली अपनी बहू सुनीता पर प्रेमी के साथ मिलकर बेटे अशोक की हत्या का आरोप लगाया है। मृतक अशोक (34) तिरुपति नगर में पत्नी सुनीता और बेटे समीर और अमित के साथ रहता था। वह प्राइवेट टैक्सी कार चलाता था। 2 मई 2022 की रात करीब 10:30 बजे बेटे अशोक के फंदा लगाकर सुसाइड करने की सूचना दी गई थी। टोंक से जयपुर आकर रुपा देवी और परिवार ने बेटे के शव को संभाला। पत्नी सुनीता अपने बेटे अमित को लेकर दाह संस्कार से पहले ही अपने पीहर दिल्ली चली गई। शक होने पर बहू के बारे में जानकारी की।

- **वृद्धा ने सांगानेर थाने में दर्ज कराया हत्या का मुकदमा**
- **पीड़िता का आरोप है कि प्रेमी से फोन पर कई घंटों तक बातें करती थी बहू, पति की मौत को सुसाइड बताकर पीहर दिल्ली चली गई**

पता चला कि दोपहर 4 से 5 बजे के बीच में अशोक और सुनीता में झगड़ा हुआ था। बहू सुनीता जान से मारने की धमकी देकर घर से कहीं चली गई। रात को बहू सुनीता अपने प्रेमी के साथ घर लौटी। बेटे अशोक की गला घोंटकर हत्या कर दी। प्रेमी को वहां से भेजकर पति के सुसाइड करने का लोगों को बताया। पीड़िता का कहना है कि जिस प्रेमी के साथ मिलकर बेटे अशोक की हत्या की है। उसकी बहू घंटो अपने कमरे में बंद होकर उससे बातें करती रहती थी। जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग भी उसके पास है। उसका पौता समीर अपनी मां के साथ नहीं जाकर उसके पास ही है। पौते समीर को कॉल करके आए दिन धमकियां देती रहती है। कहती है कि तू मेरे पास आ जा। नहीं तो तुझे भी तेरे बाप की तरह जान से मारवा दूंगी। पुलिस ने इस्तगासा के जरिए हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जूनागढ़ किले की सुरक्षा दीवार व पानी की निकासी को लेकर भाजपाईयों का प्रदर्शन

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी बीकानेर शहर कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में मानसून के मौसम में भारी बारिश के दौरान ऐतिहासिक जूनागढ़ किले की सुरक्षा दीवार और खाई की पर्याप्त सुरक्षा, पुरानी गिन्नाणी के निवासियों की जायज समस्याओं के निवारण के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर ज्ञापन सौंपा।

सूरसागर क्षेत्र में जाम पड़े सीवरेज को तुरन्त खोलने, सूरसागर के उचित रखरखाव, अतिक्रमण हटाने के नाम पर सीढियों और चौकी-छज्जे तोड़ने, भयंकर रूप से टूटी हुई शहर की सड़कों और गड्डों को तुरंत सही करने सहित अनेक समस्याओं को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला परिषद कार्यालय में संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन, जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल, नगर निगम आयुक्त गोपालराम बिरदा एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश इत्यादि अधिकारियों से विस्तृत वार्ता करते हुए विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपा।



बीकानेर में जनसमस्याओं को लेकर भाजपाईयों ने संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन को ज्ञापन सौंपा।

जिला मंत्री और मीडिया प्रभारी मनीष आचार्य ने बताया कि अधिकारियों के साथ वार्ता और ज्ञापन देने से पूर्व शहर भाजपा कार्यकर्ता गुरूवार को गंगा थिएटर के आगे एकत्रित होकर पुरानी गिन्नाणी क्षेत्र में बारिश और सीवरेज के पानी से क्षतिग्रस्त हुई जूनागढ़ खाई की दीवार और निर्माणाधीन नई दीवार के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने घटिया क्वालिटी के निर्माण कार्य और मौका स्थल पर कनिष्ठ अभियंता, अधीक्षण अभियंता अथवा किसी भी अधिकारी की देखरेख में सही ढंग से निर्माण कार्य नहीं होने पर विरोध जताया। वहां से पार्टी कार्यकर्ता एकत्रित होकर जिला परिषद सभागार में चल रहे जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे और राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन के बाद संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन, नगर निगम आयुक्त गोपालराम बिरदा एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश से हुई विस्तृत वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि अत्यधिक पीड़ा और खेद के साथ यह कहना पड़ रहा है कि जूनागढ़ की खाई में पिछले 20 दिनों से शहर के सीवरेज का गंदा पानी डाला जा रहा है। जिससे ऐतिहासिक रियासतकालीन

- **भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित होकर पुरानी गिन्नाणी क्षेत्र में बारिश और सीवरेज के पानी से क्षतिग्रस्त हुई जूनागढ़ खाई की दीवार का निरीक्षण करने पहुंचे**

धरोहर जूनागढ़ को लगातार खतरा उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस अति गंभीर और संवेदनशील मुद्दे पर प्रशासन का रवैया गैर जिम्मेदाराना है जिसको लेकर शहर के आम नागरिकों में रोष है।

सिंह ने नए नाले का निर्माण होने तक जूनागढ़ खाई की दीवार के समीप एक अस्थाई नाला बनाकर सीवरेज के पानी की निकासी के लिए उससे जोड़ने और खाई में गंदे पानी को रोकने, खाई की नई दीवार का निर्माण करने की मांग की। सूरसागर के पास नाले के चैम्बरों की रोज सफाई करने और सूरसागर से आगे तक की दूरी के नालों की नियमित सफाई करवाने की मांग की। उन्होंने संबंधित एजेंसियों के साथ तालमेल कर मानसून के दौरान आपात व्यवस्थाओं के लिए तैयार रहने के लिए कहा।

## अनुप्रति कोचिंग योजना में आवेदन 31 तक

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अन्तर्गत प्रोफेशनल कोर्स एवं नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग करवाने के लिए अल्पसंख्यक समुदाय के पात्र अभ्यर्थियों से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के एसएसओ पोर्टल पर 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, सुखमन सिंह जोहल ने बताया कि इस योजना के तहत अल्पसंख्यक वर्ग के वे छात्र-छात्राएं पात्र होंगे। जिनके परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रूपये प्रति वर्ष से कम हो या जिनके माता पिता राज्य सरकार के कार्मिक होने पर पे-मैट्रिक लेवल 11 तक का वेतन प्राप्त कर रहे हो।

योजना के अन्तगर्त यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सर्विस परीक्षा, आर.ए.एस या अधीनस्थ सेवा संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, आरपीएससी द्वारा आयोजित सब-इंस्पेक्टर एवं पूर्व में 3600 ग्रेड पे तथा वर्तमान में पे-मैट्रिक्स में पे लेवल 10 एवं ऊपर की अन्य परीक्षाएं, रीट परीक्षा, कांस्टेबल परीक्षा, इंजीनियरिंग, मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए अल्पसंख्यक समुदाय के अभ्यर्थी आवेदन कर पायेंगे। प्रतिष्ठित संस्थानों से कोचिंग प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को आवास, भोजन के लिए वर्ष में 40000 रूपये की अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई जायेगी।

## सार-समाचार

### हैल्दी लीवर जागरूकता रथ रवाना



**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में चल रहे हैल्दी लीवर जागरूकता अभियान के तहत जिले में व्यापक स्तर पर गतिविधियां जारी है। वहीं बुधवार को जिला कलेक्टर रूकमणि रियार सिहाग, एसडीएम मनोज कुमार मीणा व सीएमएचओ डॉ. गिरधारी लाल मेहरड़ा ने जिला स्तर पर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस मौके पर सीओआईईसी विनोद बिश्नोई, महामारी विशेषज्ञ डॉ. बजरंग व डॉ. सुनील बिश्नोई आदि मौजूद थे। जिला कलेक्टर ने कहा कि आमजन हैल्दी लीवर अभियान से जुडें ताकि हम सभी जिलेवासियों को इसके प्रति जागरूक कर सकें एवं निरोगी रह सकें। सीएमएचओ डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि विभाग की ओर से एक जुलाई को प्रारंभ किया गया हैल्दी लीवर अभियान विश्व हैपेटाइटिस दिवस 28 जुलाई तक जारी रहेगा। विभाग ने जिला स्तर पर नवाचार करते हुए निर्णय लिया है। जिले में जो कार्मिक उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं उन्हें जिला स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। जिसके तहत बीसीएमओ, बीपीएम, पीएचएम, पीएचएस, बीएचएस, सीएचओ, आरबीएसके टीम, नर्सिंग स्टाफ, आशा सहयोगिनी व अन्य कार्मिकों को सम्मानित किया जायेगा। ये जानकारी उन्होंने एवं डिप्टी सीएमएचओ डॉ. गुंजन खुंगर ने अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी और कहा कि आमजन भी वीडियो प्रतियोगिता में जुडक़र राज्य स्तरीय पुरस्कार जीत सकते हैं।

### भगत सिंह पर टिप्पणी का विरोध

**सूरतगढ़,** (कासं)। एसएफआई की तहसील कमेटी ने उपखंड कार्यालय के आगे विरोध प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी कपिल कुमार यादव को पंजाब के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पिछले दिनों लोकसभा सांसद समरजीत सिंह मान द्वारा भगत सिंह पर की गई अमर्यादित टिप्पणी बेहद निंदनीय है। एसएफआई इसका घोर विरोध करती है। पंजाब सरकार के मुख्यमंत्री के नाम दिए हुए ज्ञापन में सांसद समरजीत मान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सजा देने की मांग की। कॉमरेड सखी मोहम्मद ने कहा कि देश में शहीदों के अपमान को कभी नहीं सहा जायेगा। जिस प्रकार से सांसद द्वारा शहीद भगत सिंह के खिलाफ टिप्पणी की गई है। उससे देश के हर एक नागरिकों को ठेस पहुंची है। इस मौके पर एसएफआई के तहसील अध्यक्ष संजय सिहाग, तहसील सचिव नरेश ढाका, केके जांगिड़, हरविंदर सिंह, संदीप सैंडी, हरीश स्वामी, रवि वर्मा, सुशील ओझा, कमलेश बिश्नोई, लवप्रीत मान, पवन कुमार, विनोद भादू सहित अनेक एसएफआई कार्यकत्र मौजूद थे।

### 16 उपभोक्ताओं को राहत दी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जोधपुर डिस्कॉम के श्रीगंगानगर वृत कार्यालय में विधुत अधिनियम 2003 की धारा 135 से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण हेतु समझौता समिति बैठक का आयोजन गुरूवार को किया गया। बैठक में समिति अध्यक्ष अधीक्षण अभियंता एल.एस.मान एवं समिति सदस्य अधिशाषी अभियंता अनिल सिंघल, सहायक लेखाधिकारी द्वितीय अमरनाथ कथूरिया एवं एपीटीपीएस साहिल कासनियां मौजूद थे। बैठक में विवादित कुल 30 प्रकरण रखे गये, जिसमें से 16 उपभोक्ता उपस्थित हुए। उपस्थित हुए 16 उपभोक्ताओं में से श्रीगंगानगर क्षेत्र के 5, घड़साना के 3, सूरतगढ़ का 1, सादुलशहर का 1, श्री विजयनगर के 2, गजसिंहपुर का 1 तथा रायसिंहनगर के 3 कुल 16 उपभोक्ताओं के प्रकरणों का निस्तारण कर राहत दी गई।

### कौशल विकास की जानकारी दी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के संकल्प परियोजना के जिला समन्वयक शिखा मुंजाल के द्वारा राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल कालियां में विश्व युवा कौशल सप्ताह के तहत आरएसएलडीसी में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रम की जानकारी दी एवं स्किल डवलपमेंट के बारे में जानकारी दी। प्राइमरी स्कूल के छोटे बच्चों को अभियान स्पर्श गुड टच बैड टच की जानकारी दी एवं आत्मरक्षा के बारे में बताया। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के संकल्प परियोजना के अंतर्गत आरएसएलडीसी द्वारा संचालित स्किल सेन्टर पर विभिन्न स्किल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं अनूपगढ़ बीडीओ रविन्द्र के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को उद्यम के लिये प्रोत्साहित किया गया।

### 31 तक करानी होगी ई-केवाईसी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्रीगंगानगर जिले के पीएम किसान योजना के 148348 लाभार्थी कृषकों को 31 जुलाई तक ई-केवाईसी करवाना जरूरी हैं। प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख श्री मनोज कुमार मीणा ने बताया कि अब तक जिले में सिर्फ 54369 किसानों ने ही ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण की है। 31 जुलाई तक ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले किसानों को अगली किस्त का पैसा नहीं मिलेगा। लाभार्थी किसान दो तरीकों से पीएम किसान योजना के लिए ई-केवाईसी पूरी कर सकते है। किसान अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर भी अपनी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। इसके अलावा ई-केवाईसी प्रक्रिया घर बैठे ऑनलाइन पीएम किसान की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पूरी की जा सकती है। इसके लिए आपके आधार कार्ड में आपका मोबाइल नंबर लिंक होना चाहिए। लिंक होने के बाद लैपटॉप, मोबाइल से ओटीपी के जरिए घर बैठे ई-केवाईसी पूरी कर सकते है। ऑफिशियल वेबसाइट पर जायें। यहां ई-केवाईसी का विकल्प चुनना होगा। इसके बाद अपना आधार नंबर और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। आधार ओटीपी दर्ज करने के बाद ये प्रोसेस पूरी हो जायेगी।

# डेंगू की रोकथाम के लिए लार्वा को नष्ट किया

**बीकानेर,** (कासं)। मिशन अगेंस्ट डेंगू के तहत सीएमएचओ डॉ. बी. एल. मीणा के नेतृत्व में स्वास्थ्य दल द्वारा लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर व आस-पास एंटी लार्वा गतिविधियां करते हुए बड़ी तादाद में पनप रहे मच्छरों के लार्वा नष्ट कर जन जागरण किया गया।

मौके पर उपस्थित पुजारियों व आम जन से अपने घर व आस-पास मच्छरों की रोकथाम की अपील की तथा शहर में इस मिशन को गति देने हेतु अधिकारियों से विचार विमर्श किया। स्वास्थ्य विभाग के दल में शामिल डॉ अनिल वर्मा व एपिडेमियोलोजिस्ट नीलम प्रतापसिंह द्वारा सघन एंटी लार्वा गतिविधियां करते हुए मच्छरों को नष्ट करवाया गया।

डॉ. मीणा ने आमजन को हिदायत दी कि वे किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा मच्छर मारने का इंतजार करने की बजाय इस आसान से कार्य को नियमित रूप से स्वयं करें। पशुओं की पानी की कुण्डियों में खाद्य तेल डाला गया और हर सप्ताह इसे दोहराने का संकल्प दिलाया गया।



बीकानेर में मिशन अंगेस्ट डेंगू में घरों में पानी की टंकी में एंटी लार्वल एक्टीविटी करती स्वास्थ्य कार्यकर्ता।

सीएमएचओ डॉ. बी. एल. मीणा ने बताया कि 18 से 25 जुलाई तक जारी विशेष डेंगू रोधी अभियान के अंतर्गत जिले भर में एंटी लार्वा गतिविधियां की जा रही हैं। प्रत्येक पीएचसी-सीएचसी व उपकेन्द्र को अपने-अपने क्षेत्र में मच्छरों को नष्ट करने के लिए पाबंद किया गया है। जिले भर में 500 से ज्यादा स्वास्थ्य दल प्रतिदिन मच्छरों की रोकथाम में लगे हैं। इनके द्वारा गत 2 दिवस में 35,563 घरों का सर्वे किया गया। इनमें 84 घरों में मच्छरों के लार्वा पाये गए। कुल 3,344 साफ पेयजल पात्रों व स्थानों में टेमीफोस डलवाया गया। रूके हुए गंदे पानी के 3,313 स्थानों पर एमएलओ डाला गया। सर्वे के दौरान कुल 115 व्यक्ति बुखार से पीड़ित पाए गए जिन्हें रैफर किया।

## दिव्यांग को जिला प्रशासन ने दिया मोबाइल फोन

**झुंझुनूं।** कलक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 42 परिवाद प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर लक्ष्मणसिंह कुड़ी ने आमजन की समस्याएं व परिवेदनाएं सुनीं।

इस दौरान लोगों ने बैंक से लोन जारी करवाने, रास्ता खुलवाने, पट्टे जारी करवाने, सड़क बनवाने से संबंधित मामले सहित कई समस्याओं से अवगत करवाया। इस पर जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अधीक्षण अभियंता एवीवीएनएल, संयुक्त निदेशक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी दौरान दिव्यांग परिवादी मोहम्मद अजीज पुत्र बरकत खान निवासी बसई तहसील खेतड़ी को पढ़ाई के लिए मोबाइल की आवश्यकता को देखते हुए जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी मोबाइल फोन भेंट कर लाभान्वित किया गया।

# लैब टैक्नीशियन के खाते से 46 हजार उड़ाये

**हनुमानगढ़,** (कासं)। आर्मी मैन बनकर निजी अस्पताल के लैब टैक्नीशियन के खाते से 46 हजार रुपए निकालने का मामला सामने आया है।

ठग ने खुद को आर्मी में पदस्थापित बताया और खून की जांच करवाने के बहाने निजी अस्पताल के लैब टैक्नीशियन से बात की। इसके बाद वीडियो कॉल कर खाते से 46 हजार रुपए निकाल लिए। टाउन थाना पुलिस ने इस बारे में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पांच महीने पहले फरवरी महीने में एक लैब टैक्नीशियन के खाते से करीब 98 हजार रुपए निकाल लिए थे। जानकारी के अनुसार राजेन्द्र कुमार (44) पुत्र गुलाबराम हुड्डा निवासी वार्ड 4, गांव पन्नीवाली ने मुकदमा दर्ज करवाया। उसने बताया कि वह हनुमानगढ़ टाउन स्थित एपेक्स हॉस्पिटल में लैब टैक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। 19 जुलाई की शाम को करीब 4 बजे उसके पास मोबाइल नंबर 6371264085 से कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि उसका नाम सतीश कुमार है और वह आर्मी में है।

- **खून की जांच करवाने के बहाने पूरी जानकारी ली**

उसने अपनी आईडी वॉट्सएप पर भेजते हुए कहा कि उनको ब्लड टेस्ट करवाना है। उसने टेस्ट करवाने का चार्ज पूछे और गेट पास बनवाने के लिए उसकी आईडी के रूप में आधार कार्ड मांगा। उसने विश्वास कर अपनी आधार कार्ड की फोटो भेज दी। इसके बाद उसने पैसे जमा करवाने के लिए गूगले पे और खाता नंबर मांगा।

राजेन्द्र ने बताया कि आरोपी ने वीडियो कॉलिंग चालू रखवाकर उसके बैंक खाते में 50 रुपए फोन-पे से डाल दिए। इसके बाद उसने उसके खाते से 46 हजार रुपये निकाल लिए। जब फोन पर मैसेज आया तो उसको ठगी का पता चला। इसके पर फोन करने वाले ने कहा कि यह रुपये तो गलती से कट गए हैं। वो फिर से कोशिश करता है। इस पर उसने कहा कि पहले वे उसके रुपए वापस खाते में भेजें तो ठग ने कहा कि वह अपना दूसरा खाता नंबर दें, लेकिन उसने मना कर दिया।

## पुजारी रजिस्टर को ऑनलाइन करवाने की मांग

**चूरू,** (का. सं.)। जिले में खातेदारी मन्दिर की भूमि को एल.आर.सी. में जमाबंदी से पुजारी रजिस्टर को ऑनलाईन लिंक करवाने की मांग को लेकर गुरुवार को अखिल राजस्थान पुजारी महासभा के एक प्रतिनिधि मण्डल ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी जिला कलेक्टर को आदेशित किया गया था कि मंदिर माफी की भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में पुजारियों के विलोपति नाम पुनः राजस्व रिकॉर्ड में जोड़े जावे। उपरोक्त पत्र सरकार द्वारा समस्त जिला कलेक्टर को प्रेषित किया गया था, जिसकी अनुपालना में चूरू जिले के अलावा लगभग सभी जिलों में खातेदारी मन्दिर की भूमि को एल.आर.सी. में जमाबंदी से पुजारी रजिस्टर को ऑनलाईन लिंक हो चुके है, परन्तु सरकार के आदेश के बावजूद भी अब तक आपके द्वारा उपखण्ड अधिकारी व अन्य अधिकारियों को आदेशित नहीं किया गया है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि राजस्व रिकार्ड में पुजारियों के विलोपित नाम पुनः जोड़ने का प्रयास करें। इस अवसर पर संभागीय महासचिव डॉ. धर्मचंद स्वामी, जिलाध्यक्ष गणपत दास पुजारी, आदि मौजूद थे।

## प्याउ का लोकार्पण

**बीदासर।** बेसहारा, अनाथ, बीमार गौवंश की सेवार्थ कस्बे की श्रीशिवकृष्ण गौशाला में पंडित चन्द्रप्रकाश शर्मा की प्रेरणा से वेदांत मोदी के सौजन्य से नवनिर्मित प्याऊ का लोकार्पण पालिकाध्यक्ष सीताराम भोभरिया के मुख्य आतिथ्य में विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। गौशाला के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि गौ सेवार्थ गौभक्त समय समय पर गौशाला के कार्यो में सहयोग प्रदान करते रहते हैं। इसी क्रम में गौ सेवार्थ क्षेत्रवासियों द्वारा 23 जुलाई को विशाल रात्रि जागरण एवं धार्मिक आयोजन श्रीनाथ मार्बल्स के नोहरे में किया जायेगा जिसमें सुप्रसिद्ध गौभक्त भजन सम्राट ओमजी मुण्डेल, मुकेश वैष्णव व साध्वी बैरागी बाईसा द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां दी जायेगी।

# उप प्रधानाचार्य के 50 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य के शिक्षा विभाग में उप प्रधानाचार्य का नया कैडर बनाया गया है। नया कैडर बनने से उप प्रधानाचार्य के सभी पदों पर व्याख्याताओं की पदोन्नति होगी।

राज्य के मुख्यमंत्री ने फेसबुक पर पोस्ट शेयर कर बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूलों में उप प्रधानाचार्य के (एल -14) के 12 हजार 421 नवीन पदों का सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने बताया कि प्रस्ताव में उप प्रधानाचार्य के यह नवीन पद पंचायत स्तर पर एवं शहरी

- **उप प्रधानाचार्य के 12 हजार 421 पदों के सृजन प्रस्ताव को मंजूरी दी**

कलस्टर में स्थित 10217 स्कूलों व 275 से अधिक नामांकन वाले 2204 स्कूलों में सृजित किए जायेंगे। शिक्षा विभाग में अब तक व्याख्याता पद से अगली पदोन्नति प्रधानाचार्य के पद पर होती थी। अर्थात 4800 ग्रेड पे से 6600 ग्रेड पे में होती थी लेकिन नया कैडर बनने से व्याख्याता की ग्रेड पे 4800 से उप प्रधानाचार्य 5400 ग्रेड पे पर होगी। अध्यापक, वरिष्ट अध्यापक जो राज्य लोक सेवा आयोग से सीधी भर्ती से एचएम पद पर जा सकते थे लेकिन नया कैडर बनने से इनके रास्ते बंद हो गए। साथ ही वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पद पर पदोन्नति तभी मिलेगी जब बीए व एमए में समान विषय होगी।

शिक्षक संघ (रेसटा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला को ज्ञापन भेजकर सीधी भर्ती की मांग की है।

# जनसुनवाई में आने वाले प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत दें : देथा

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। जिला स्तरीय जनसुनवाई और जिला जन अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक गुरूवार को गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ की मौजूदगी और जिला कलेक्टर रुक्मणि रियार सिहाग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के वीसी रूम में हुई।

इस दौरान विधायक और जिला कलेक्टर ने कहा कि ग्राम और उपखंड स्तर के अधिकारी राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप स्थानीय प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई कर आमजन को राहत पहुंचाएं। जनसुनवाई के दौरान 88 प्रकरण प्राप्त हुए। जिनमें से कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जन सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के शासन सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव भवानी सिंह देथा भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

सूरतगढ़ के एक परिवार के खेत रास्ता विवाद प्रकरण को आपसी समझाइश से निस्तारित करने के निर्देश



गंगानगर कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को विधायक राजकुमार गौड़ व कलेक्टर रुक्मणि रियार सिहाग ने जनसुनवाई की।

देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनसुनवाई को राज्य सरकार गंभीरतापूर्वक ले रही है। इसलिए ग्राम, उपखंड और जिला स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई में आने वाले प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाने का प्रयास करें। विधायक राजकुमार गौड़ ने जन सुनवाई के दौरान अधिकांश प्रकरण ग्राम और उपखंड स्तर से आने का जिक्र करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर ही इन प्रकरणों का निस्तारण होना

- **आमजन को अधिक से अधिक पट्टे देने के निर्देश दिए**

चाहिये ताकि आमजन को जिला मुख्यालय पर नहीं आना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मिलकर टीम वर्क के साथ काम करें ताकि आमजन की परेशानियों को दूर किया जा सके।

इससे पूर्व, जिला जन अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक में लंबित प्रकरणों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन शहरों के संग अभियान में आमजन को अधिक से अधिक पट्टे वितरित किए जाएं। इसके साथ ही एक अगस्त से शुरू हो रहे मतदाताओं के एपिक कार्ड में आधार सीडिंग कार्य को गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिए।

# परमात्मा शंखेश्वर पार्श्वनाथ के मंत्र के 40 लाख जाप पूर्ण

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ की मनोहरश्रीजी म.सा. की सुशिष्या साध्वीश्री मृगावती श्रीजी म.सा. बीकानेर मूल की साध्वीश्री सुरप्रिया श्रीजी म.सा (रेणुजी) व नित्योदया श्रीजी म.सा. के सानिध्य मे रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में चल रहे परमात्मा श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ के सवा करोड़ जाप में 40 लाख से अधिक गुरूवार को पूर्ण हुए।

विभिन्न तपस्याओं में श्रावक-श्राविकाओं संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। सौभाग्य कल्पवृक्ष साधकों ने गुरूवार को उपवास रखा वे शुक्रवार को पारणा करेंगे। सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा ने बताया कि देश दुनियां में रोग, शोक महामारी व उपद्रव को निवारण के लिए 23 वें परमात्मा शंखेश्वर पार्श्वनाथ के सवा करोड़ मंत्र जाप में गुरूवार तक 40 लाख से अधिक मंत्रों का जाप पूर्ण हो चुका है। ऊं ही शंखेश्वर पार्श्वनाथाय नम : मंत्र परम प्रभावी, संकट परिहारक, मनोवांछित पूरक व



बीकानेर में सुगनजी महाराज के उपासरे में परमात्मा शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंत्र का जाप करती महिलाएं।

विश्व शांति प्रदायक है। यह सर्व जीवों का कल्याण करने वाला है। जाप 13 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक 40 दिन चलेगा। जिसमें प्रत्येक श्रावक श्राविका परमात्मा की 25 माला प्रतिदिन गिनने का साधना कर रहे हैं। चातुर्मास व्यवस्था समिति के संयोजक निर्मल पारख व मनीष नाहटा ने बताया कि नौ दिनों में एक साधक ने 24300 जाप पूर्ण कर लिए प्रतिदिन एक साधक 2700 माला का जाप कर रहा है। प्रतिदिन 108 माला के हिसाब से

